**चेतावनी** | 10 फरवरी तक निराकरण नहीं तो होगी अधिकारियों पर कार्रवाई

# सीएम हैल्पलाइन प्रकरणों पर निगमायुक्त का अल्टीमेटम



**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने निगम के विभिन्न विभागों में लंबित सी.एम. हैल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना और हैल्पलाइन के प्रकरणों का 100 प्रतिशत निराकरण करना ही निगम का मुख्य लक्ष्य है। निगमायुक्त ने समय-सीमा का ध्यान रखने पर जोर देते हुए कहा कि 10 फरवरी तक जिन प्रकरणों पर संतोषजनक निराकरण की कार्यवाही नहीं की जाएगी, उनके संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में निगमायुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि आवेदनों पर त्वरित निराकरण के लिए विभागों के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की आपसी समन्वय और टीम वर्क से ही समाधान की गति बढ़ेगी। कई बार एक शिकायत कई विभागों से जुड़ी होती है, ऐसे में आपसी संवाद से फाइल को जल्दी क्लियर किया जा सकता है। निगमायुक्त ने विशेष रूप से लोककर्म, स्वास्थ्य, भवन, कॉलोनी सेल, जल, फायर, स्थापना, राजस्व विभागों के प्रमुखों को लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बंद करने के निर्देश दिए।

### तीन दिन का लक्ष्य, 100 प्रतिशत परिणाम

निगमायुक्त ने प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने आगामी तीन दिनों के भीतर सभी प्रकरणों का 100 प्रतिशत पूर्ण निराकरण करने का टारगेट दिया। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने 10 फरवरी तक सभी लंबित शिकायतों को बंद करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने शिकायतों को बेवजह दूसरे विभागों में ट्रांसफर करने या टालमटोल करने वाले कर्मचारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे।

## आदिवासी संस्कृति बचाने सड़क पर उतरेगा समाज

**नवभारत,जबलपुर।** आदिवासी समाज की बिगड़ती सामाजिक-आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी, अशिक्षा, नशा, पलायन, महिलाओं-बच्चियों की गुमशुदगी और सांस्कृतिक पतन के विरोध में अखिल भारतीय शबरी महासंघ के तत्वावधान में 'आदिवासी संस्कृति बचाओ यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 8 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक चलेगी। यात्रा का शुभारंभ अमर शहीद बिरसा मुंडा तिराहे से प्रात: 10:45 बजे किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि आदिवासी समाज की संस्कृति का व्यवसायीकरण और बाजारीकरण हो चुका है, जिससे समाज मुख्यधारा से कटता जा रहा है। यात्रा में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील भैयालाल गोटियां, रोशनलाल कोल, अनीता गोटियां, कौशल्या ठाकुर, मगन सिंह भूमिया, मोतीलाल बाबा, अशोक गोटियां, जित्तू गोटियां, गणेश कोल, लक्ष्मी नारायण कोल सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारियों ने की है। पूर्व मंत्री कौशल्या गोटियां ने कहा कि यह यात्रा आदिवासी समाज के अधिकार, अस्मिता और संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट प्रयास है।



# संत को नाम की आवश्यकता नहीं होती : प्रमाणसागर

**श्री सिद्धचक्र विधान के अवसर पर हुए प्रवचन**

**नवभारत,जबलपुर।** भगवान के नामों का स्मरण कर्म निर्जरा का सशक्त साधन है, यह कोई कोरी अवधारणा नहीं बल्कि जीवन का विज्ञान है—यह प्रेरक उद्गार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने व्यक्त किए। वे श्री सिद्धचक्र विधान के अवसर पर प्रवचन दे रहे थे।

इस अवसर पर नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगम अध्यक्ष रिंकू व्रिज, एम.आई.सी. सदस्य सुभाष तिवारी एवं पार्षद अतुल तिवारी ने मुनि श्री के चरणों में नमोस्तु निवेदित करते हुए घोषणा की कि 'श्याम टॉकीज से डी.एन. जैन कॉलेज मार्ग' अब संत प्रमाणसागर महाराज मार्ग के नाम से जाना जाएगा।

मुनि श्री ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि संत को नाम की आवश्यकता नहीं होती, किंतु यदि संत के नाम से जनमानस की भाव-विशुद्धि एवं पवित्रता बढ़ती है तो इसमें कोई आपत्ति नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान का नाम लेने से मन-मस्तिष्क में सकारात्मक स्पंदन उत्पन्न होते हैं, जिससे शरीर की अंत:स्रावी ग्रंथियों पर प्रभाव पड़ता है और कर्मों की निर्जरा संभव होती है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन 'विद्यावाणी' एवं स्थानीय प्रचार मंत्री सुवोध जैन 'कामरेड' ने बताया कि श्री सिद्धचक्र विधान के अंतिम दिवस दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। मुनि श्री के मुखारविंद से संस्कृत में भगवान के सहस्त्र नामों के उच्चारण के साथ 1024 अर्घ समर्पित किए गए।

उन्होंने बताया कि 8 फरवरी, रविवार को प्रात: 6 बजे से मांगलिक क्रियाएं प्रारंभ होंगी। अभिषेक, शांतिधारा, नित्यनियम पूजन एवं हवन के पश्चात प्रात: 8:30 बजे से तीन चांदी के रथ एवं 122 चांदी की पालकियों में विराजित श्री जिनेन्द्र देव की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। यह यात्रा गढ़ा फाटक-बड़ा फुहारा-लार्डगंज-रानीताल चौक होते हुए टेलीग्राफ ग्राउंड पहुंचेगी, जहां अभिषेक एवं मुनि श्री के आशीर्वचन होंगे। सायं 5:45 बजे शंका-समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### एक नजर में



## पुरातत्व संस्था की बाल ब्रान्ड एम्बेसडर बनी आराध्या

**नवभारत,जबलपुर।** कला, संस्कृति, शिक्षा, पर्यावरण,इतिहास एवं पुरातत्व आदि विविध क्षेत्रों में क्रियाशील संस्था हावी एंड कलेक्शन द्वारा पुरातत्व सामग्री संचय को प्रोत्साहन देने के लिए विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थी कु.आराध्या तिवारी प्रियम को बाल एम्बेसडर मनोनीत करते हुए उनको प्रमाणपत्र, मेडल प्रदान किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रभात साहू पूर्व महापौर थे। अध्यक्षता राजेश पाठक प्रवीण ने की। संगोष्ठी का आयोजन सोनाली मढ़ाताल में किया गया। मुख्य अतिथि प्रभात साहू ने कहा की पुरातत्व की सामग्री हमारे इतिहास की धरोहर हैं। पुरातत्व के क्षेत्र में प्रियम द्वारा किये जा रहे कार्य बच्चों को प्रेरणा देंगे। अध्यक्षता कर रहे राजेश पाठक प्रवीण ने कहा कि डॉ राजकुमार सुमित्र की विरासत को प्रियम आगे बढ़ा रही हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम सब लुप्त होती धरोहर को बचाने प्रयास करें। पुरानी सामग्रियों के संचयन तत्कालीन समय की जानकारी मिलती है।समारोह में राजेन्द्र मिश्रा,विजय नेमा,राजीव गुप्ता,प्रतिमा अखिलेश,डॉ. सलमा जमाल,डॉ.मुकुल तिवारी,रजनी कोठारी,प्रभा शील, ने भी विचार व्यक्त किये।संचालन संतोष नेमा संतोष एवं आभार संस्था के अध्यक्ष सत्यनारायण सेन ने व्यक्त किया। समारोह में प्रीति नामदेव, वंदना सोनी,ज्योति प्यासी, अनुदित साज, सुवीर श्रीवास्तव, दिवाकर शर्मा, महेश स्थापक,रमाकान्त गौतम ने अतिथियों का स्वागत किया।




## नागरिकों ने नकद नहीं देने का संकल्प लिया

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर को भिक्षु मुक्त शहर बनाने और निराश्रित व अक्षम लोगों के पुनर्वास हेतु नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से विजन जबलपुर द्वारा चलाए जा रहे दीनबंधु अभियान के तहत जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान आम नागरिकों ने भिखारी को नगद पैसा न देने का संकल्प लिया और शहर को भिक्षु रहित बनाने में समर्थन जताया। अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से छोटे बच्चों, वृद्धजन और विकलांगों का पुनर्वास सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह के साथ कामता प्रसाद साहू, साधन चटर्जी, प्रेम नारायण, अखिलेश श्रीवास्तव, केके विश्वकर्मा, आलोक तिवारी, रामकुमार सेन, अशोक दुबे, प्रकाश चंद्र, गुलाब सिंह, अरुण दुबे, गंगाराम और एच एन दीक्षित सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।




## नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का शनिवार को जबलपुर में आगमन हुआ ।इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ग्रामीण अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत एवं भव्य आगवानी की गई। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर पी एम श्री महाकौशल महाविद्यालय में बजट परिचर्चा 2026 में सम्मिलित हुए एवं बजट से संबंधित चर्चा की। इसके बाद भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अमर बलिदानी शंकर शाह, रघुनाथशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे। इस दौरान स्वागत मंचों पर युवाओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने बंगाली क्लब में जाकर स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करने की बात कही। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर,भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अशोक रोहाणी,सहित अन्य कार्यकर्ता-नेता उपस्थित थे।

# देश-विदेश के विशेषज्ञ सर्जनों ने साझा किया ज्ञान

**केनियों मेक्सिलोफेशियल सर्जरी की 28वीं राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन**



**नवभारत,जबलपुर।** इंडियन एकेडमी ऑफ मेक्सिलोफेशियल सर्जरी एवं हितकारिणी डेन्टल कॉलेज एवं जबलपुर हॉस्पिटल द्वारा आयोजित 28वीं राष्ट्रीय कार्यशाला का उदघाटन राज्यसभा सदस्य श्री विवेक कृष्ण तन्खा एवं लेफ्टिनेंट जनरल एन. के. साहू, अध्यक्ष ऑडिट एवं एकिडिटेशन काउंसिल, राष्ट्रीय डेंटल आयोग के विशेष आतिथ्य में हुआ। मुंबई से वरिष्ठ सर्जन डॉ. जे. एन. खन्ना, अमेरिका से डॉ. जी. ई. घाली और डॉ. रौस ब्रौकमेन, तथा पूर्व सेक्रेटरी राष्ट्रीय डेंटल आयोग मेजर जनरल डॉ. पी. एन. अवस्थी की उपस्थिति रही। कार्यशाला के दौरान वैज्ञानिक सत्र में देशभर के विशेषज्ञों ने दुर्घटना से चेहरे और सिर की हड्डियों के इलाज तथा विकलांगता के पुनर्निर्माण की आधुनिक विधाओं पर चर्चा की। आयोजन अध्यक्ष डॉ. गुंजन दुबे, सचिव डॉ. संयोग पाठक, और आयोजक महासचिव डॉ. राजेश धीरावाणी ने बताया कि लगभग 200 प्रतिभागी शामिल हैं। 7 और 8 फरवरी को चयनित मरीजों का ऑपरेशन डॉ. घाली एवं डॉ. खन्ना की टीम द्वारा किया जाएगा, जिसे सभागार में बड़े पर्दे पर देखा और प्रश्नोत्तर किया जा सकेगा। हितकारिणी सभा के बाबू विश्वमोहन और जबलपुर हॉस्पिटल के निदेशक प्रकाश धीरावाणी ने इस कार्यशाला को मानवता सेवा और वैज्ञानिक ज्ञान के आदान-प्रदान का अनूठा प्रयास बताया।



## सर्वाइकल व ब्रेस्ट कैंसर पर विशेष अवेयरनेस कैंप आयोजित

**वर्ल्ड कैंसर डे पर इनर व्हील क्लब का जागरूकता अभियान**

**नवभारत,जबलपुर।** वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ जबलपुर साउथ द्वारा महिलाओं के लिए एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप सप्तऋषि हॉस्पिटल के सहयोग से संपन्न हुआ। कैंप में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्रीति जैन ने सर्वाइकल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण, जांच, आवश्यक टेस्ट और उपचार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और सही इलाज से कैंसर को हराया जा सकता है। क्लब की प्रेसिडेंट सीए मधु अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को नियमित जांच करानी चाहिए और इस बीमारी से डरने के बजाय जागरूक होकर आगे आना चाहिए। कैंप के दौरान महिलाओं के लिए पैप्समियर टेस्ट और मैमोग्राम जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर क्लब सदस्य इति, शालिनी, तरुणा, मानसी, नंदिनी, शिल्पा, रचना, मनीषा, नितिका, अर्चना, श्रद्धा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री अजय टम्टा आज आएंगे शहर

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री अजय टम्टा, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में केंद्रीय बजट 2026 पर प्रबुद्धजन संवाद का आयोजन रविवार 8 फरवरी को दोपहर 1 बजे भाजपा कार्यालय रानीताल में किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया केंद्रीय बजट 2026 के तारतम्य में आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में प्रबुद्धजन संवाद, पत्रकारवार्ता और सोशल मीडिया एवं डिजिटल इन्फेलुएंसर्स बैठक का आयोजन 8 फरवरी को किया गया है, इन कार्यक्रमों में संवाद हेतु केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री



अजय टम्टा का जबलपुर आगमन हो रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के अनुसार केंद्रीय मंत्री श्री टम्टा का जबलपुर आगमन रविवार 8 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे वायुमार्ग से होगा। श्री टम्टा कल दोपहर 1:30 बजे भाजपा कार्यालय रानीताल में प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे इसके उपरांत दोपहर 2:30 बजे सोशल मीडिया एवं डिजिटल इन्फेलुएंसर्स बैठकको सम्बोधित करेंगे। श्री टम्टा अपरान्ह 4 बजे भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय वर्तिका वार्षिकोत्सव आज

**जबलपुर, नवभारत।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था वर्तिका का अखिल भारतीय वार्षिकोत्सव आज 08 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे से आर्य समाज भवन नेपियर टाउन में आयोजित है। वर्तिका द्वारा प्रकाशित साझा गीत संग्रह वर्तिकायन, इन्दौर के शिवकुमार दुबे की कृति जीवन संग्राम संध्या अग्रवाल की कृति नयी राहें का विमोचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे समारोह का आयोजन श्रीमद् जगतगुरू नरसिंह पीठाधीश्वर स्वामी नरसिंहदास महाराज के सानिध्य में होगा। मुख्य अतिथि उमाकांत शर्मा अध्यक्ष सीनियर एडवोकेट काउसिंल होंगे जबकि अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि अशोक मनोध्या, विनय सक्सेना, उमेश पिल्लई, अशोक मिज़ाज बद्र होंगे।

## संत-महंतों ने राजेश्वरानंद को सौंपी मंदिर संचालन की जिम्मेदारी

**नवभारत, जबलपुर।** सुहागी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण आश्रम में संत समागम एवं भंडारे का आयोजन श्री राम जानकी जनकल्याण समिति के तत्वावधान में एवं पीठाधीश्वर महंत साध्वी सवितादास माताजी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आमंत्रित जगद्गुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज सहित संत-महंतों व ब्राह्मणों का शाल-श्रीफल व पुष्पहारों से सम्मान किया गया। संत पूजन के पश्चात महंत साध्वी सवितादास माताजी ने मंदिर पूजन एवं संचालन की जिम्मेदारी महंत राजेश तिवारी उर्फ़ राजेश्वरानंद महाराज को सौंपी तथा वसीयत के माध्यम से मां रेवा कॉलोनी, सुहागी स्थित राम-जानकी मंदिर के संपूर्ण संचालन व देखरेख का अधिकार प्रदान करने की घोषणा की। समारोह



में जबलपुर साधु मंडल के संत-महंत रामजी शरण, प्रकाशानंद, रामेश्वरानंद गौ आश्रम नारायण दास, दिलीप दास, ताराचंद्र, सुमन दास, संगीता गिरी, कोतवाल रामदास, नगर सभा मंत्री संतोष शास्त्री, संपर्क प्रमुख धर्माचार्य मुन्ना पांडे सहित संतजन उपस्थित रहे। साथ ही समिति पदाधिकारी व गणमान्य नागरिकों में अध्यक्ष साध्वी सवितादास माताजी, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव पं. हरिशंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश महाराज, संयुक्त सचिव सरिता तिवारी, सदस्य विनोद कुमार दुबे, अभिषेक निगम, धर्मेन्द्र ताम्रकार, विधि सलाहकार एडवोकेट पं. श्याम तिवारी, बृजेन्द्र पाण्डेय, बद्री प्रसाद मिश्रा, पं. शिवराम मिश्रा, राजकुमार तिवारी, आर. के. द्विवेदी, अश्विनी कुमार द्विवेदी, योगेश सिंह राणा सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद व भंडारे का वितरण किया गया।

**समझौता** | रादुविवि-आईसीएआई के बीच हुआ एमओयू

# वाणिज्य छात्रों के लिए खुले नए कैरियर के द्वार




**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यलय, जबलपुर और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), नई दिल्ली के बीच वाणिज्य स्नातकों के हित में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने इसे विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि इस अकादमिक सहयोग से छात्रों के दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आएगा और उनके कैरियर के अवसर बढ़ेंगे। नई दिल्ली में आयोजित एमओयू कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सीए अरुण सिंह, आईसीएआई अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा, सीए हंसराज चुग सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। समझौते पर आईसीएआई संयुक्त निदेशक एवं सचिव, बोर्ड ऑफ स्टडीज (एकेडमिक) सीए (डॉ.) रश्मि गोयल और रादुविवि के प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने हस्ताक्षर किए। कुलगुरु प्रो. वर्मा ने बताया कि यह एमओयू एनईपी और यूजीसी के पाठ्यक्रम एवं क्रेडिट ढांचे के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य बी.कॉम, बी.कॉम ऑनर्स, बीबीए, एमबीए, एम.कॉम, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कॉमर्स पाठ्यक्रमों में अकादमिक, प्रशिक्षण और शोध सहयोग को बढ़ावा देना है। इससे छात्रों को इंटर्नशिप के साथ व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करते हुए अकादमिक योग्यता अर्जित करने का अनूठा अवसर मिलेगा। वहीं आईसीएआई अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा ने कुलगुरु के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा ही योग्यतम की उत्तरजीविता का माध्यम है। यह साझेदारी बहुविषयक शिक्षा, संयुक्त प्रशिक्षण और संकाय विकास को सशक्त बनाएगी। रादुविवि मध्यप्रदेश का पहला राज्य विश्वविद्यालय है जिसने आईसीएआई से एमओयू किया है।



## संगठन विस्तार और आगामी आयोजनों पर हुआ मंथन

**अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक आयोजित**

**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश महासचिव सुनील श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही।

बैठक में आगामी माह में प्रस्तावित सामाजिक व संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा के साथ संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डा. शरद श्रीवास्तव, बच्चन श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, नीलेश भटनागर, रितेश श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, एस.एन. श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, नीना श्रीवास्तव, डा. सोनल खरे, प्रभा श्रीवास्तव, निर्मला श्रीवास्तव, भावना खरे, रजनी श्रीवास्तव, शालिनी निगम, राधा खरे, प्रियंका श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव एवं वीना श्रीवास्तव सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन नवनीत श्रीवास्तव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला महासचिव बच्चन श्रीवास्तव द्वारा किया गया।